# धौरहरा का बाबा कुबेरनाथ धाम है हजारों ग्रामवासियों का आस्थास्थल



## बाबा कुबेरनाथ मंदिर देता है आत्मिक आनंद

प्राकृतिक सुंदरता से लैस और जागृत मंदिर के रूप में बाबा कुबेरनाथ मंदिर जहां भक्तों की मनोकामनाएं पूरी कर रहा है, वहीं गांववासी ग्राम देवता के रूप में बाबा कुबेरनाथ मंदिर पहुंचकर भक्तिभाव से पूजा-अर्चना करते हुए मनोकामनाएं उनके सामने रखते हैं. प्राचीन मंदिर के साथ ही बाबा शिवशंकर दास द्वारा स्थापित यह मंदिर न केवल दलापांडे का धौरहरा बल्कि आसपास के कई गांवों के भक्तों का आस्थास्थल बन गया है. गांव के बाहर नौकरी करने वाले युवक भी गांव में आने पर बाबा कुबेरनाथ का दर्शन कर जीवन धन्य करते हैं. सोमवार को मंदिर में भक्तों की संख्या बढ़ती है और लोग दर्शन कर अपनी समस्याएं बाबा के चरणों में रखते हैं. ऐसे भी कई भक्त हैं, जिन्हें यहां लगातार दर्शन और भोलेनाथ की पूजा-अर्चना का साक्षात्कार हुआ है.

**सुनील दुबे, 17 जुलाई**

**धौरहरा-प्राकृतिक सुंदरता से लैस और जागृत मंदिर के रूप में बाबा कुबेरनाथ मंदिर जहां भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करता है, वहीं मंदिर में दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं और जीवन की दुःख भोलेनाथ के चरणों में रखकर राहत पाते हैं. मंदिर सुख्यात सं त शिवशंकर महाराज जैसे तपस्वी संत महाराज द्वारा निर्मित है. वर्षों से हजारों भक्त इस मंदिर से जुड़े हैं.**

कहते हैं कि भक्ति की शक्ति अपार होती है. अगर प्रभु में विश्वास है, श्रद्धा है तो निश्चित ही जीवन सुचारू तरीके से चलता है. इसी तरह प्रतापगढ़ जिले की पट्टी तहसील के अंतर्गत अमरगढ़ के करीब दलापांडे का धौरहरा में सुख्यात संत शिवशंकर महाराज द्वारा निर्मित और उनकी आराधना से तपोस्थल बने बाबा कुबेरनाथ का मंदिर न केवल गांव के लिए बल्कि आसपास के कई गांवों के भोलेनाथ भक्तों का आश्रय स्थल बना हुआ है. गांव में बड़ी संख्या में लोग मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं. जागृत मंदिर के रूप में यह जहां सुख्यात है, वहीं दूसरी ओर मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक फैली है. मंदिर के भक्तों को रास्ते की बदहाली के कारण होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत के सरपंच ने अथक प्रयास करते हुए मंदिर के पास का रास्ता बनवाने का पवित्र कार्य किया है, इससे मंदिर में आने वाले भक्तों को काफी सुविधा होगी. रास्ते का यह कार्य कई वर्षों से



प्रलंबित पड़ा था. सरपंच विभा मिश्रा के इस कार्य की भक्तों तथा गांववासियों द्वारा सराहना की जा रही है.इसमें उनके पति इंद्रभूषण मिश्रा तथा सदस्यों का भी सहयोग है.

बचपन में इस मंदिर में जाने का कई बार मौका मिलता था. मंदिर में अपार सुकून और संतोष की अनुभूति भोलेनाथ की कृपा से होती है. मंदिर का साक्षात्कार कई भक्तों को होने की बात बुजुर्ग बताते हैं. इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग क़ा दर्शन कर कोई भी धन्य हो सकता है. धौरहरा के साथ ही आसपास के गांवों के भक्त भी मंदिर में पहुंचकर बाबा कुबेरनाथ महादेव का दर्शन कर जीवन सफल करते हैं. मंदिर में पुजारी उजागिर यादव भोलेनाथ की सेवा में रत हैं.मंदिर में दर्शनार्थ आने वाले भक्त भगवान कुबेरनाथ महादेव का दर्शन कर स्वयं को धन्य कर रहे हैं. साथ ही उनकी कृपा और भक्ति का लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं. पूरा गांव महादेव की कृपा से सुरक्षित है और सालभर कार्यक्रम होते हैं.

# सभी के साथ से ही होगा विकास



विदर्भ स्वाभिमान

अमरावती- आजादी के लिए लाखों ने कुर्बानी दी है, इसको ध्यान में रखते हुए भारत को महाशक्ति बनाने में हर भारतीय को अपना योगदान देना चाहिए, इस आशय की सलाह समाजसेवी तथा व्यवसायी तथा दुग्धपूर्णा के संचालक बालकिसन पाण्डेय ने दी. देश ने हमें क्या दिया है, इसकी बजाय देश को हम क्या दे सकते हैं, इस बारे में विचार किया जाना चाहिए.भारत को विश्व अध्यात्मिक गुरू कहा जाता है.आज हर भारतीय के लिए यह किसी गर्व से कम नहीं है कि हमारे देश की संस्कृति, संस्कार और परम्पराएं सदैव सर्वकालिक हैं. आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में पूरा देश खुशी से झूम रहा है ही नहीं तो आज यह सभी के लिए गौरव और गर्व का विषय है. इसके साथ ही ही सभी भारतीयों के जागने और देश के विकास में योगदान देने का भी मौका है. तमाम अवरोधों के बाद भी देश ने आज सभी क्षेत्रों में रिकार्ड प्रगति की है. यही कारण है कि आज यह विश्व में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है. हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से समूचे देश में राष्ट्रीयता की भावना पैदा करने के लिए सरकार द्वारा किया गया प्रयास सराहनीय रहने की बात सुख्यात समाजसेवी, व्यवसायी बालकिसन पांडे ने किया. साथ ही उन्होंने करोड़ों भारतीयों से अपने घरों पर तिरंगा लहराकर इस राष्ट्रीय पर्व को अभूतपूर्व मनाने का आग्रह भी किया. उनके मुताबिक हमारी संस्कृति, संस्कार और परम्परा विश्व के लिए आदर्श हैं. सभी को भारतीय होने पर गर्व करना चाहिए. कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज केप्रमुख के साथ ही कई संगठनों के पदाधिकारी बालकिसान पांडेय का मानना है कि सरकार पर ही पूरी तरह निर्भर नहीं रहते हुए हमें भी हमारी मेहनत,लगन से स्वयं का आर्थिक विकास करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का प्रयास करना चाहिए.







शुभेच्छुक- बालकिसन पाण्डेय
परिवार, अमरावती.


# श्रद्धा फ़ैमिली शॉपिग ग्राहकों का चहेता

**अमरावती**-पिछले कुछ वर्षो से श्रद्धा फैमिली शॉप और माल के सेल को ग्राहकों का अपार विश्वास और प्यार मिला है. ग्राहकों का जहां समाधान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर हजारों की संख्या में ग्राहक इसका लाभ ले रहे हैं. किफायती कीमत, तत्पर सेवा और अन्य खूबियों के कारण यह न केवल जिले बल्कि समूचे विदर्भ में अपार लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है. साल 2006 से ग्राहकों में अपनी अविरत छाप छोडने वाले श्रद्धा फैमिली शॉपिंग एवं मॉल ने हमेशा ही कपडे के व्यापार में आगे बढते हुए ग्राहकों को प्राथमिकता दी है. जिसके कारण समय के साथ विस्तार कर श्रद्धा साडीज से श्रद्धा फैमिली शॉपिंग एवं मॉल तक का सफर तय किया. अब तक की कड़ी मेहनत और सफलता के लिए श्रद्धा फैमिली शॉपिंग एवं मॉल के संचालक हर साल त्योहारों का आनंद लेने हेतु ग्राहको के लिए सेल लगाते हैं, इसके माध्यम से ग्राहकों को रियायती कीमत में कपड़ा खरीदी का आनंद देते हैं. श्रद्धा फैमिली शॉपिंग एवं मॉल होती है. जयस्तंभ चौक स्थित तखतमल इस्टेट में प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया. उस समय यह प्रतिष्ठान श्रद्धा साडी के नाम से जाना गया. धीरे-धीरे संचालकों की सेवा का विस्तार होता गया. 10 बाय 10 का यह प्रतिष्ठान समय के साथ अपना प्रतिष्ठान रूप बदलने लगा. ग्राहकों की डिमांड पर इस प्रतिष्ठान में साडियों का कलेक्शन भी बढता गया. श्रद्धा साड़ीज श्रद्धा फैमिली शॉपिंग ने ग्राहकों का सदैव प्यार जीता है. संचालक पूरण लाला के साथ ही सभी संचालक ग्राहकों को बेहतरीन सेवा देने के लिए सदा तत्पर रहते हैं और ग्राहकों के संतोष को सबसे बड़ी कमाई मानते हैं.







# साईंनगर क्षेत्र के विकासार्थ समर्पित युवा नेतृत्व हैं सचिन भेंडे

## पूर्व सांसद नवनीत राणा, विधायक राणा के नेतृत्व में करोड़ों के विकास काम किए, क्षेत्र में हो रहे अपार लोकप्रिय



**राष्ट्रीय युवा स्वाभिमान पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सचिन भेंडे जहां युवा नेता हैं, वहीं दूसरी ओर करोड़ों के विकास काम साई नगर प्रभाग में किया है. उन्हें लोग भावी नगर सेवक के रूप में देख**

**अमरावती**-राष्ट्रीय युवा स्वाभिमान पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सचिन भेंडे जहां युवा नेता हैं, वहीं साईंनगर प्रभाग को विकास के मामले में सबसे आगे रखने के संकल्प के साथ विगत 12 वर्षों से लगातार क्षेत्र में विकास की गंगा बहा रहे हैं. उनका कहना है कि क्षेत्रवासियों का अपार प्रेम और विश्वास उन्हें मिल रहा है, इससे क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को पूर्व सांसद और भाजपा नेत्री नवनीत राणा और पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष तथा जिले ही नहीं तो विदर्भ के डैशिंग और विकास को समर्पित युवा नेतृत्व विधायक रवि राणा के नेतृत्व में करोड़ों रूपए के विकास काम किया है. साईंनगर क्षेत्र में रास्ते, नालियों के साथ ही पेविंग ब्लॉक का काम तेजी से जारी है. लोगों का भी अपार सहयोग और प्रेम मिलने की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 12 साल में राणा दम्पति के साथ ही सुनील राणा तथा अन्यें के सहयोग से अभी तक करोड़ों के विकास काम हुए हैं.

सभी का विश्वास देता है ताकत

विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत करते हुए युवा नेता सचिन ओंकारराव भेंडे ने कहा कि प्रभाग के नागरिक हर सुख-दुख के लिए आते हैं और उनकी समसाओं का निराकरण करते हुए उन्हें भी अपार हर्ष मिलता है. सामाजिक, धार्मिक तथा राजनीतिक कार्यों में वे सदैव अग्रणी रहते हैं. यही कारण है कि उन्हें प्रभाग के भावी नगर सेवक के रूप में लोग देख रहे हैं और उन्हें यह कहते भी हैं. लोगों के प्रेम को सबसे बड़ी ताकत मानते हैं.




# दिल्ली सहित कई राज्यों में जोरदार बारिश की संभावना

**दिल्ली/मुंबई**-एनसीआर के कई इलाकों में आज सुबह से ही भारी बारिश हुई है. इस बारिश से दिल्ली की जनता को उमस भरी गर्मी से राहत मिली लेकिन झमाझम बारिश से कई जगह जलभराव की समस्या का भी सामना करना पड़ा. बता दें कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज के लिए पहले येलो अलर्ट जारी किया था लेकिन इसे बढ़ाकर अब रेड अलर्ट जारी कर दिया. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत नोएडा और गुरुग्राम के इलाकों में भी लगातार बारिश हुई है. अमरावती में भी आगामी दो-तीन दिन जोरदार बारिश की संभावना जताई गयी है. बारिश को ध्यान में रखते हुए नदी-नाले तथा बांधध क्षेत्र का पानी छोड़ने की संभावना के चलते आसपास के लोगों को सतर्क किया गया है.

मौसम विभाग ने आज अगले दो से तीन घंटों में दिल्ली और एनसीआर में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है, वहीं कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश हो सकती है.बताया ग़या कि अगले तीन घंटों के दौरान हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरी मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मध्यम से तीव्र वर्षा होने की संभावना है.

कई राज्यों में बारिश की संभावना

देश भर में मानसून की गतिविधियां तेज हो गई हैं, जिसके कारण क्ष्ग्र ने कई राज्यों में भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है. उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है, जबकि हिमाचल प्रदेश में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है. जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का भी अनुमान है.

# जीवन में छल का फल आज नहीं तो कल मिलता ही है

## पूज्य प्रदीप मिश्रा क़ा मत, बुराई सदैव बढ़ाती है जीवन में मुसीबत, बचने का प्रयास करें



विदर्भ स्वाभिमान

### अपनों को कभी धोखा नहीं दें,बड़ी तकलीफ

श्री विठ्ठलेश सेवा समिति के प्रमुख और अंतराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पंडित प्रदीप मिश्रा के मुताबिक जीवन में जो लोग तुम्हे दिल से चाहते हैं, ऐसे लोगों के साथ छल कभी नहीं करना. क्यों कि इस तरह काछल भगवान भी बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं. किसी के काम आ सको तो आओ, अगर नहीं आ सकते हो तो किसी को अपने व्यवहार, अपनी वाणी से कभी दुख नहीं पहुंचाना. जीवन में इतना भी कर सके तो बड़ा पुण्य संचय हो जाएगा, मुसीबतों से वैसे ही भोले बचा लें गे.



क़हते हैं कि जिस तरह कीचड़ में पत्थर मारने पर उसका गंदा हिस्सा हमारे शरीर पर गिरता ही है. उसी तरह बुरा काम करने वाले को कभी इससे राहत नहीं मिलती है. इसलिए जितना संभव हो सके मनुष्य जीवन का उपयोग अच्छे कामों में करते हुए जीवन संवारना चाहिए. हम भाग्यशाली हैं कि हमें भारत में जन्म का अवसर मिला है. इतना ही नहीं तो जब हम किसी के बारे में अच्छा सोचते हैं और करने का प्रयास करते हैं तो उसका सीधा असर हम पर भी पड़ता है. ऐसा सोचने मात्र से हमारा बुरा नहीं होता है. सभी धर्मों और शास्त्रों में भी सत्कर्म की महत्ता बताई गई है. जो शास्त्र इन्सानियत और मानव धर्म को नहीं मानते हैं, वे शास्त्र हो ही नहीं सकते हैं. उसी तरह जो धर्म दूसरे धर्म को नीचा दिखाने और अन्य धर्मीयों के बारे में अच्छी सोच नहीं रहखता है वह धर्म हो ही नहीं सकता है. मानव जीवन में ही प्रभु ने हरि सुमिरन का विधान किया है. यही कारण है कि मानव जन्म पाने के लिए देवा भी तरसते हैं. लेकिन दुर्भाग्य इन्सान के रूप में जन्म मिलने के बाद भी ज़ब हम बुरे कर्म करते हैं, किसी का मन दुखाते हैं और किसी के दिल को चोट पहुंचाते हैं तो यह भगवान भी बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं. इसलिए जीवन में जितना संभव हो सके, अच्छाईयों का साथ पकड़ते हुए सदैव अच्छी सोच के साथ ही काम करते रहें. ऐसा करने से जीवन किस तरह खुशियों से भर जाएगा, पता नहीं चलेगा. अभिमान का त्याग ही इन्सानियत का पहला मापदंड है. लेकिन आज भाई-भाई के बीच नहीं बन रही है, किसी को पैसे का घमंड है, किसी को पहुंच का घमंड है. लेकिन हम भूल जाते हैं कि मरने के बाद केवल और केवल हमारा स्वभाव ही लोगों को याद रहता है. इसलिए जितना संभव हो सके, इन्सानियत की ज्योति जलाने का प्रयास करें. पंडित प्रदीप मिश्रा के मुताबिक जो व्यक्ति आप पर आंख बंद कर भरोसा करता है, उसके साथ कभी भी छल नहीं करना, क्योकि ऐसे व्यक्ति के साथ किया गया छल हमारे जीवन में भारी परेशानी का कारण बनता है. वे अपनी हर कथा में सनातन धर्म की महत्ता के साथ ही बिगड़ते संसार पर जोर देते हैं. उनका कहना है कि बच्चों में आदर्श संस्कार की आज निहायत जरूरत है. अगर बच्चों में संस्कार हम नहीं दे सके तो निश्चित तौर पर आगामी पीढ़ी को पतन से कोई भी नहीं बचा सकता है. वे कहते हैं कि सनातन धर्म अपने आप में सबसे बड़ी ताकत है, यह लोगों के जीवन को बदलने की ताकत रखता है. इस पर अमल के लिए बचपन से आदर्श संस्कार जरूरी है.






शुभेच्छुक
संजय विजयकर
युवा व्यवसायी तथा सेवाभावी कामों में अग्रणी व्यक्ति, समाजसेवी कार्यकर्ता

### आजादी के लिए लाखों ने कुर्बानी दी,संभालना सभी की जिम्मेदारी

**विदर्भ स्वाभिमान, 13 अगस्त**



**अमरावती-** आजादी सहज नहीं मिली है. इसके लिए शहीद भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरू तथा सुखदेव जैसे लाखों स्वाधीनता सेनानियों और मातृभूमि के दिवानों ने हंसते-हंसते मौत को गले लगाया है. ऐसे में आजादी का जतन करने की जिम्मेदारी देश के करोड़ों यूवाओं पर है. सभी को मिलकर बिना किसी तरह का भेदभाव किए, ईमानदारी से देश की सेवा करनी चाहिए. धर्म के नाम पर कहीं भी उन्माद नहीं होना चाहिए. सभी भारतीयों को यह याद रखना चाहिए कि धर्म से राष्ट्र सदा बड़ा होता है. जिस दिन यह भावना हर भारतीयों में आ जाएगी, निश्चित तौर पर उसी दिन से भारत महाशक्ति बनना शुरू हो जाएगा. सभी का वतन है, ऐसे में इसके विकास से ही हमारा सभी का विकास होगा, यह सोचते हुए सभी को अपना राष्ट्र विकास में जो भी काम करते हैं, उसे बेहतरीन करें. सभी के प्रयास से ही देश महाशक्ति बनेगा






शुभेच्छुक
रवींद्र सिंह उर्फ बिट्टू भैया सलूजा
संचालक-होटल ईगल इन, रेलवे स्टेशन चौक,अमरावती

# विकास,समाजसेवा को समर्पित जननेता घुईखेड़कर

**अमरावती-** जिला परिषद क़े पूर्व सदस्य और कांग्रेसी नेता प्रवीण घुईखेड़कर सामाजिक, धार्मिक तथा राजनीतिक कामों में अग्रणी व्यक्ति हैं. जितने बेहतरीन नेता हैं, उतने ही बेहतरीन इंसान है, जो किसी के भी सुख-दुख में सदैव दौड़ो हैं. यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता क्षेत्र में अपार है. घुईखेड से जिला परिषद का नेतृत्व करने वाले प्रवीण घुईखेड़कर को भावी विधायक के रूप में क्षेत्र के नागरिक देख रहे हैं. वे जहां स्वभाव से बेहतरीन और निर्मल हैं, वहीं दूसरी ओर जनता के कामों के लिए प्रशासन के साथ भिड़ने में भी सुस्ती नहीं करते हैं. काम में ही सदैव विश्वास करने वाले लोकप्रिय जननेता प्रवीण घुईखेड़कर के मुताबिक क्षेत्र का सर्वांगीण विकास, जनता की समस्याओं को हल करना ही उनके लिए पहली प्राथमिकता रहती है.

विदर्भ स्वाभिमान के पंद्रह साल पूरे होने और सोलहवें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि घुईखेड के विकासार्थ करोड़ों रूपए के विकास काम हुए हैं. क्षेत्रवासियों का अपार प्रेम उन्हें सदैव मिला है. जिला परिषद सदस्य के रूप में जहां वे अपार लोकप्रिय हैं, वहीं दूसरी ओर फिलहाल उनकी धर्मपत्नी इस क्षेत्र का नेतृत्व कर रही हैं. उनके मुताबिक लोगों के अपार प्रेम और विश्वास को सदैव पूरा करने का प्रयास करते हैं. अमरावती जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत हैं.उनके मुताबिक क्षेत्रवासियों के अपार प्यार के कारण ही वे जनता के लिए सदैव कुछ करने का प्रयास करते हैं. लोगों का प्यार ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहती है. देश में फिलहाल सर्वत्र समझदारी और एकता की बात का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी के साथ मिलकर जिस तरह से विकास हो रहा है, चंद्रयान-3 इसका उदाहरण है. उनके मुताबिक लोगों के विश्वास को कायम रखने तथा अपने कामों से इसे बढ़ाने का उनका सदैव प्रयास रहता है. प्रवीण घुईखेड़कर की सादगी और किसी से भी घुल-मिल जाने की अदा प्रभावित करती है.करोड़ों रूपए के विकास काम जहां वे मंजूर करा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इसे प्रलंबित रखने की बजाय सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए विकास कामों को शुरू करने, उसकी गुणवत्ता पर नजर रखने के साथ ही सर्वत्र तेजी से काम जारी रहने से लोगों में भी प्रवीण घुईखेड़कर को लेकर अपार उत्साह व्याप्त है.प्रवीण घुईखेड़कर मुताबिक जनता ने अपार विश्वास से उन्हें सदैव मौका दिया है.इसलिए लोगों के दुःख दर्द को दूर करने, लोगों के जीवन को बेहतरीन बनाना, विकास के काम को बढ़ावा देना, बेरोजगारी, गरीबी जैसी समस्याओं को दूर करने को वे प्राथमिकता देते हैं.उनके मुताबिक लोगों के सर्वांगीण विकास का एकमात्र काम करने का प्रयास वे करते हैं. जिला परिषद सदस्य के रूप में विकास कामों के लिए जिले में सुख्यात प्रवीण घुईखेड़कर की लोकप्रियता के साथ ही विकास के रूप में उन्हें सदैव अपार सम्मान मिलता है.देशवासियों को चंद्रयान 3 की सफलता पर सभी को शुभकामनाएं दी. साथ ही एकता के लिए सहयोग करने को कहा.



## धार्मिक कामों में रहते हैं अग्रणी

प्रवीण घुईखेड़कर का स्वभाव विनम्र तथा सभी की बातों को ध्यान से सुनते हैं. ऐसे में उनका कार्य सदैव अग्रणी रहता है. जिला परिषद सदस्य के रूप में करोड़ों का विकास करने वाले प्रवीण घुईखेड़कर अपार लोकप्रिय नेता के साथ समाजसेवी हैं. लोगों के दुःख दर्द को दूर करने के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं. उनके मुताबिक अंतिम सांस तक जनहित के कामों में स्वयं को झोंकने और मदद का भरोसा दिलाया.

## विदर्भ स्वाभिमान

### महत्वपूर्ण नंबर्स

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112,100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| एसीबी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |


# आपक़ी 103वीं जयंती पर विनम्र अभिवादन

राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता, यवतमाल के पूर्व सांसद और सेवाभावी, सामाजिक, धार्मिक कार्य में सदैव अग्रणी रहने वाले

## स्व.भैयासाहेब उर्फ श्रीधरराव जवादे



की 102वीं जयंती पर विनम्र अभिवादन

श्रद्धानत

समस्त विदर्भ के मित्र परिवार,

डॉ.जवादे परिवार तथा विदर्भ स्वाभिमान परिवार,अमरावती.